प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

लोक पर्व हरेला के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 16 जुलाई 2024। उत्तराखण्ड में प्रकृति के पूजन का लोक पर्व हरेला जोकि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है, को पन्तनगर विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के हरेला उद्यान में मुख्य अतिथि डा. हरीश रौतेला द्वारा कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अध्यक्ष अल्पसंख्यक सरदार इकबाल सिंह, श्री गुनाकार, श्री इन्द्र मोहन, श्री जितेन्द्र की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर डा. हरीश रौतेला ने कहा कि हरेला पर्व भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों में मनाया जा रहा है और वृहद स्तर पर वृक्ष लगाये जा रहे है। मुख्य अतिथि ने हरेला के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए हरेला को मानव जीवन को संचय करने वाला अध्यात्मिक त्यौहार बताया। उन्होंने नवग्रह वाटिका, नक्षत्र वाटिका और पंचतत्व वाटिका लगाने का आह्वान किया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने हरीश जी के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से वृक्ष लगाने के लिए आह्वान किया। प्रधानमंत्री जी द्वारा सभी देशवासियों से अपनी माँ के नाम पर एक वृक्ष लगाने की बात भी बतायी। उन्होंने कहा कि वृक्ष सभी को बराबर ऑक्सीजन देते है उनके लिए छोटा बड़ा धनी–गरीब सब बराबर है। प्रकृति के यही नियम है। हमें प्रकृति का सम्मान करने के लिए वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। गांधी हाल में सांस्कृतिक चेतना परिषद द्वारा पन्तनगर के बाल निलयम और रूद्रपुर के किट्स कैरियर पब्लिक स्कूल, राजकीय बलिका इण्टर कालेज और इण्टर कालेज के विद्यार्थियों ने दिल को छू लेने वाले कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी कुलसचिव, अधिष्ठाता, निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधक फार्म, संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

1: हरेला उद्यान में वृक्षारोपण करते मुख्य अतिथि डा. हरीष रौतेला।